# GRADE 5

## हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

**SUBJECT CODE** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 30 **Total Marks:** 30 **Time:** 1 Hour

### जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम**, **कक्षा**, **रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके **O.M.R.** उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- केवल **O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक को जमा करें।



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-5_Set-1 New.indd 1 7/8/2025 12:49:16 PM

**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन एक भाषा है?**

(A) गुरुमुखी
(B) रोमन
(C) फ्रेंच
(D) देवनागरी

**2. 'शिक्षित' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है?**

(A) श् + इ + क + श् + ई + त् + अ्
(B) श् + इ + क् + ष् + इ + त् + अ
(C) श् + ई + क् + श् + ई + त् + अ
(D) श् + इ + क् + षि + त् + अ

**3. किस शब्द में विसर्ग नहीं लगना चाहिए?**

(A) शेर:
(B) प्राय:
(C) अंतत:
(D) स्वत:

**4. 'सपना' शब्द का तत्सम रूप क्या होगा?**

(A) सपने
(B) स्वप्न
(C) सपनेहुँ
(D) स्वपनिल

**5. कौन-सा शब्द विकारी शब्द नहीं है?**

(A) सुंदर
(B) सैनिक
(C) शाबाश!
(D) रोना

**6. किस वाक्य का रेखांकित पद संज्ञा है?**

(A) परिश्रमी व्यक्ति असफल नहीं होता।
(B) नदी बह रही है।
(C) मैं पाँचवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।
(D) सोना बहुत महँगा हो गया है।

**7. 'चाँदी की पायल बहुत सुंदर है।' वाक्य के रेखांकित पद में कारक है–**

(A) कर्ता कारक
(B) अपादान कारक
(C) करण कारक
(D) संबंध कारक

**8. 'नियत-नीयत' श्रुतिसमभिन्नार्थी शब्द-युग्म का समानार्थी शब्द-युग्म कौन-सा है?**

(A) निश्चित–इरादा

(B) इरादा–निश्चित

(C) इरादतन–गैर इरादा

(D) गैर इरादा–निश्चित

**9. किस वाक्य में अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?**

(A) यह क्या खरीद लाए?

(B) वह खुद खाना बनाती है।

(C) मैं कल उत्तराखंड जा रहा हूँ।

(D) मॉल से कुछ ले आइएगा।

**10. किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(A) मैंने दस पतंगें खरीदीं।

(B) उस आदमी से बात मत करना।

(C) मुझे फ़ीकी चाय पीनी है।

(D) बाज़ार से थोड़ा फल लेते आना।

**11. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) क्या तुम मेरे लिए शरबत ला सकते हो?

(B) वह दिनभर खेलता रहा।

(C) गाड़ी अचानक चलनी बंद हो गई।

(D) प्रथम पढ़ रहा है।

**12. किस शब्द का स्त्रीलिंग रूप गलत है?**

(A) चाचा—चाची

(B) पंडित—पंडिताइन

(C) बूढ़ा—बूढ़ी

(D) मामा—मीमी

**13. किस वाक्य में रेखांकित अव्यय संबंधबोधक है?**

(A) ठेलेवाला घर <u>के सामने</u> खड़ा था।

(B) मेरी बात सुनो <u>नहीं तो</u> बहुत पछताओगे।

(C) आपका काम <u>लगभग</u> पूरा हो गया।

(D) <u>क्या!</u> वह चला गया?

14. 'जो व्यक्ति कर्म न करता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(A) कर्मण्य (B) अकर्मण्य

(C) अगम्य (D) कर्मठ

15. इनमें से संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतीक चिह्न (Logo) कौन-सा है?

(A) 


(B) 

(C) 

(D) 

16. कौन-सा शब्द 'संन्यासी' शब्द का विलोम है?

(A) बूढ़ा (B) युवक

(C) गृहस्थ (D) बच्चा

17. कौन-सा शब्द 'गुण' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?

(A) स्वभाव (B) रस्सी

(C) कपूर (D) लाभ

18. कौन-सा स्त्रीलिंग शब्द 'ईय' प्रत्यय से बना है?

(A) पंजाबी (B) भारतीय

(C) जापानी (D) बंगाली

19. **किस वाक्य में द्‌विकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) नीशू पानी पी रही है।

(B) दादी जी ने प्रीति को पुस्तक दी।

(C) लिपि घर जा रही है।

(D) डिंपल सो रही है।

20. **'आपके बड़े भाई साहब की दुकान कैसे जल गई?' वाक्य का सही उद्‌देश्य चुनिए।**

(A) आपके बड़े भाई साहब की दुकान

(B) आपके बड़े भाई साहब

(C) आपके बड़े भाई

(D) आपके

21. **'बहुत मेहनत करना' अर्थ को व्यक्त करने वाला सही मुहावरा है–**

(A) लाल-पीला होना

(B) घी के दीये जलाना

(C) लोहा लेना

(D) खून-पसीना एक करना

22. **विटामिन 'बी' की कमी से कौन-सा रोग होता है?**

(A)



घेंघा

(B)



रिकेट्स

(C)



बेरी बेरी

(D)



मोतियाबिंद



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-5_Set-1 New.indd 5 7/8/2025 12:49:16 PM

**23. पहलगाम में अप्रैल 2025 में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन का नाम क्या था?**

(A) ऑपरेशन बदला
(B) ऑपरेशन अमर वीर
(C) ऑपरेशन सिंदूर
(D) ऑपरेशन पर्यटक

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 तथा 25 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

मैक्सिम गोर्की बहुत गरीब थे, पर वे पढ़ना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने एक कबाड़ी के यहाँ नौकरी की। कबाड़ी की दुकान में रोज़ हज़ारों पुस्तकें आती थीं। काम के बाद जब भी उन्हें समय मिलता, वे किताबें पढ़ते। एक दिन गोर्की ने खेल-खेल में एक कहानी लिखकर उसे समाचार-पत्र में छपने के लिए भेज दिया। कुछ दिनों के बाद कहानी प्रकाशित हुई और एक प्रसिद्ध लेखक ने उस कहानी के लिए गोर्की को बधाई-पत्र भी भेजा। यह देखकर गोर्की का उत्साह बढ़ गया। यही गोर्की आगे चलकर बहुत बड़े लेखक बने। इस प्रकार, मैक्सिम गोर्की ने साबित किया कि यदि मन में लगन और आगे बढ़ने की चाह हो, तो बड़ी से बड़ी बाधा भी ध्वस्त होकर गिर जाती है।



**24. गोर्की ने खेल-खेल में क्या लिखी?**

(A) कविता
(B) कहानी
(C) पुस्तक
(D) पत्रिका

**25. गोर्की आगे चलकर क्या बने?**

(A) नायक
(B) पत्रकार
(C) विक्रेता
(D) लेखक

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**26. सोच-समझकर शृंखला पूरी कीजिए–**

**काला–कालिमा; युवा–यौवन; लघु–लघुता; ........................ – ....................................**

(A) निर्धन–निर्धनता
(B) सुंदर–सुंदरा
(C) मोटा–मोटाया
(D) आलस्य–आलसी



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-5_Set-1 New.indd 6 7/8/2025 12:49:16 PM

**27. इनमें से कौन-सा असंगत सर्वनाम शब्द-समूह है?**

(A) खुद, अपने आप, स्वयं
(B) कोई, यह, कौन
(C) यह, वह, ये
(D) मैं, हम, वे

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध नहीं है?**

(A) पिता जी आपको बुलाए हैं।
(B) सभी लोग सकुशल लौटे आएँ।
(C) अनेकों अनेक लोग मारे गए।
(D) मैं शनिवार को आपसे मिलने आऊँगा।

**29. इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(A) 'खिचड़ी' देशी शब्द है।
(B) 'रसोईघर' यौगिक शब्द है।
(C) 'किशमिश' अंग्रेज़ी भाषा का शब्द है।
(D) 'गाय' का रूढ़ अर्थ सरल/सीधी है।

**30. किस वाक्य में अर्धविराम चिह्न सही जगह नहीं लगा है?**

(A) सूर्योदय हो गया; अंधकार मिट गया।
(B) खाना खाओ; विश्राम करो।
(C) मेरे पास पैसा आने पर मैं; तुम्हें भिजवा दूँगा।
(D) सोने से तार बनता है; तार से गहने बनते हैं।

## SPACE FOR ROUGH WORK



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-5_Set-1 New.indd 8 7/8/2025 12:49:17 PM